तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बालको गेट पर प्रदर्शन कर रहे ठेका श्रमिकों को पुलिस ने खदेड़ा



## खबर संक्षेप

### गेट मीटिंग करेंगे भामसं के कार्यकर्ता

**कोरबा।** सीएमपीएफ की राशि में गड़बड़ी को लेकर बीकेकेएमएस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। जिसके तहत उनके द्वारा 8 जनवरी से सभी इकाईयों में गेट मीटिंग शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद 11 जनवरी को सभी सीजीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किये जाएंगे। बीकेकेएमएस कार्यकर्ताओं ने गेट मीटिंग के लिए इकाईयों में बैठक शुरू कर दी है। गेवरा क्षेत्र में प्रीतम राठौर, रामनारायण साहू, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार, अभिषेक टोप्पो, राहुल कुर्रे, कुसमुंडा में राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर, अमिया मिश्रा, मानिकपुर में संजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, नवीन पवार, मिनीलाल साहू, केंद्रीय कर्मशाला में राजेंद्र यादव, दादूलाल राठौर, बाबूलाल चंद्रा, स्टोर में रंजय सिंह के नेतृत्व में गेट मीटिंग किया जाएगा। इसके पहले कार्यसमिति की बैठक भी अशोक सूर्यवंशी, राजगोपाला व रंजय सिंह के नेतृत्व में ली जाएगी।

### पाली में फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 7 से

**पाली।** नगर पंचायत पाली के हाईस्कूल खेल मैदान में 7 जनवरी से रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका पहला इनाम 1 लाख 11 हजार 111 रुपए और ट्रॉफी, द्वितीय ईनाम 55 हजार 555 रुपए नकद और ट्रॉफी है। मैन ऑफ द सीरीज को 15 हजार रुपए एवं ट्रॉफी मिलेंगे। वहीं फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच को 5 हजार 1 सौ रुपए मिलेंगे। इसके अलावा अन्य व्यक्तिगत आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। आयोजन को सफल बनाने हाईस्कूल खेल मैदान में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 51 सौ रुपए निर्धारित है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आज

**कोरबा।** भारत सरकार की लोक हितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजन निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। विगत कई दिवस से सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 3 जनवरी को विकासखंड कोरबा के ग्राम कोलगा 10 बजे से, सोलवां में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम पौंसरा में 10 बजे से और ग्राम ढपढप में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दम्हामुड़ा में 10 बजे से, छिंदिया/बाबूपारा में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुमान में 10 बजे से तथा ढोढ़ातराई में 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम नगोई, भादा, लोहडिया में 10 बजे से और मुढ़ाली में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

### विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का बनेगा वन अधिकार पत्र

**कोरबा।** विश्वदीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने मंगलवार को जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति वंचित लोगों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को वन अधिकार पत्र बनाने की कार्यवाही प्राथमिकता से करें। श्री विश्वदीप ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस, प्रतीक्षा सूची जनमन योजना के तहत आवास निर्माण, जाति प्रमाण पत्र, बहुउद्देशीय केंद्र के जमीन चिन्हांकन के प्रस्ताव विशेष ग्राम सभा में रखे जाएं। उन्होंने कहा कि जनमन योजना के उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्राम सचिवों के पास लक्ष्य आधारित डाटा उपलब्ध होना चाहिए। इसके साथ ही गांव में आयोजित होने वाले जनमन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## पुलिस की सुरक्षा में ऑयल डिपो से निकाले गए टैंकर, बस स्टेंड में भटकते रहे दूसरे दिन भी यात्री

# हड़ताल का असर, पेट्रोल पंप में उमड़ पड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार के नए कानून हिट एण्ड रन के विरोध में नववर्ष के पहले दिन सोमवार से वाहन चालकों की हड़ताल का शहर में दूसरे दिन व्यापक असर दिखा। पेट्रोल पंपों में डीजल व पेट्रोल खत्म होने की खबर शहर में आग की तरह फैली जिसके बाद आम शहरवासी पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल भरवाने के लिए उमड़ पड़े। अपने वाहन के साथ साथ लोग जेरीकेन और बॉटल लेकर भी पेट्रोल पंप पहुंचने लगे थे। खबर मिलते ही प्रशासन भी अलर्ट हो गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने इंडियन ऑयल के डिपो से पुलिस की सुरक्षा में ऑयल टैंकर निकलवाने की व्यवस्था कराई।

वाहन चालकों की हड़ताल का असर दूसरे दिन बस स्टेंड से लेकर पेट्रोल पंप और अन्य स्थानों में भी नजर आया। बस स्टेंड में कुछ यात्री हड़ताल समाप्त होने की जानकारी लेते देखे गए तो कुछ शहर के रेलवे स्टेशन से नए बस स्टेंड पहुंचकर उपनगरीय क्षेत्रों में जाने के लिए वाहन ढूंढते देखे गए। शहर के साथ साथ उप नगरीय क्षेत्रों में एवं ग्रामीण अंचलों के प्रमुख मार्गों में यात्री बसों के नहीं चलने से आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रतिदिन शहर काम करने आने वाले छोटे कामगारों को आटो का सहारा लेना पड़ा। जिसके बढ़े हुए किराया का असर आम लोगों पर भी पड़ता देखा गया। यात्री बसों के नहीं चलने से आटो वालों ने भी बढ़े हुए दर पर जमकर किराया वसूला जिससे यात्रियों और आटो चालकों के बीच बहस भी होते देखी गई। पेट्रोल खत्म होने की सूचना पर आम शहरवासी पेट्रोल पंप पर ऐसे उमड़े कि शहर के हर पेट्रोल पंप पर अपरान्ह 11 बजे से देर शाम तक वाहन चालकों की भीड़ पेट्रोल-डीजल लेती नजर आयी। इधर कलेक्टर सौरभ कुमार ने भी दोपहर बाद राज्य शासन से मिले निर्देश के तहत सभी प्रशासनिक अधिकारियों को पेट्रोल पंप में किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए निर्देशित किया। समीक्षा बैठक के बाद नायब तहसीलदार, तहसीलदार व अन्य राजस्व अमले शहर के निरीक्षण पर निकले।


पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल लेने लगी आम लोगों की भीड़।


नया बस स्टेंड टीपी नगर में भटकते यात्री।

### एसपी पहुंचे नया बस स्टेंड, बस मालिकों की ली बैठक



यात्री बसों की हड़ताल के कारण उत्पन्न हुई स्थिति के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला अपने स्टाफ के साथ नया बस स्टेंड टीपी नगर पहुंचे जहां वाहन चालक परिचालक संघ से चर्चा की। उन्होंने नए कानून के संबंध में फैल रही अफवाहों और भ्रम की स्थिति से सावधान रहने की समझाइश दी। एसपी श्री शुक्ला ने बस स्टेंड परिसर में ही वाहन चालकों और मालवाहक ट्रांसपोर्टरों की मीटिंग लेकर नए कानून के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान वाहन चालकों ने भी कानून में दिए गए प्रावधानों के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक से चर्चा की। उन्होंने उनके संशय को भी दूर करते हुए बारीकी से कानून की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून के पालन के लिए जागरुक होने की जरुरत है। एसपी ने वाहन चालकों को बताया कि हर वाहन चालक के ऊपर हादसे के बाद धारा 106 (2) लागू नहीं होती यह धारा उन वाहन चालकों पर लागू होती है जिनके उतावलेपन या उपेक्षापूर्ण कार्य से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए और वह पुलिस को इसकी सूचना ना दे।

### आटो चालक भी उतरेंगे समर्थन में

नए कानून के विरोध में बड़े वाहनों के चालकों द्वारा की जा रही हड़ताल के समर्थन में आटो चालक भी उतरने की तैयारी में हैं। इस संबंध में आज संघ की बैठक में चर्चा कर हड़ताल का समर्थन करने का निर्णय लिया गया। हालांकि शहर में आज दिन भर आटो चलते रहे जिनसे शहर में भटकने वाले यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलती रही। आटो चालकों की हड़ताल के संबंध में जानकारी लोगों को मिलने के बाद भी उनके बीच संशय की स्थिति बनी हुई है। हालांकि देर शाम थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में आटो चालकों की बैठक लेकर नए कानून के संबंध में जानकारी दी। आटो चालकों के साथ साथ स्कूल बस चालकों के भी हड़ताल में शामिल होने की सूचना की खबर सामने आयी है।

# वन धन से वनवासियों की तस्वीर बदलने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के वनांचल क्षेत्र में बसने वाले संरक्षित जनजाति के लोगों की आर्थिक दशा दिशा बदलने की दिशा पर वन विभाग ने पहल की है। जिसके लिए वन विभाग के अधिकारी गांव गांव पहुंचकर संरक्षित जनजातियों से मुखातिब होकर जंगल में मिलने वाले उत्पादों को संग्रहित कर उन्हें सीधे जन धन केंद्र से जोड़ा जाएगा ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

**खास बातें**

- वन विभाग द्वारा संरक्षित जनजातियों का सर्वे कर बताया जा रहा है योजना के बारे में
- जन मन योजना के तहत वन धन केन्द्रों से सीधे जोड़ने की तैयारी

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने संरक्षित जनजाति बिरहोर, पहाड़ी कोरवाओं की वन विभाग से सीधा जोड़कर उनकी आर्थिक आय बढ़ाने की दिशा पर काम शुरु कर दिया गया है। कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल अभी विभाग द्वारा संरक्षित जनजाति का सर्वे किया जा रहा है। शासन के निर्देशों के आधार पर पाली विकासखण्ड डोंगानाला के आश्रित गांव गणेशपुर में 184 संग्राहक परिवार सर्वे के दौरान मिले हैं। इन सभी परिवार को प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र से जोड़ा जाएगा। दो दिनों पूर्व ही इस योजना को बेहतर ढंग से अमलीजामा पहनाने के लिए कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत द्वारा पाली डोंगानाला स्थित वन धन केन्द्र औषधि प्रसंस्करण केन्द्र का निरीक्षण कर डोंगानाला में निर्मित औषधियों का गुणवत्तायुक्त निर्माण एवं अधिक से अधिक औषधि निर्माण के लिए निर्देश जारी किया गया है अब समूह द्वारा संरक्षित जनजातियों को भी इस समूह से जोड़ा जाएगा ताकि उनके आय में वृद्धि हो सके। जंगल से मिलने वाला उत्पाद संरक्षित जनजाति द्वारा संग्रहित कर उसे जन धन केंद्र में देने का काम करेंगे।


वनवासी परिवारों को जानकारी देते वन विभाग के अधिकारी।

### बांस प्रसंस्करण से जोड़ने की भी हो रही है पहल

कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि विशेष जनजाति बिरहोर जाति के 53 परिवार एवं कुल 184 सदस्य गणेशपुर में निवासरत हैं। जिनका अलग से वन धन विकास केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए बिरहोर परिवारों से अधिकारियों ने चर्चा कर इस योजना की जानकारी दी है। बताया जाता है कि संरक्षित जनजाति के सदस्यों द्वारा उनका एक समूह के पंजीकृत होने की जानकारी डीएफओ को दी गई है। सभी सदस्यों से वन धन विकास केन्द्र से जोड़ने पर सहमति दी है और इन परिवारों ने बांस प्रसंस्करण पर उत्सुकता दिखाई है। बताया जाता है कि इन परिवारों के लिए बांस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए और बेहतर ढंग से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बताया जाता है कि वर्तमान में कुछ परिवार द्वारा बांस के बर्तन, टोकरी आदि तैयार कर विक्रय किया जाता है।

# केंद्रीय योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण का काम निजी एजेंसियों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता कार्यों के निरीक्षण का कार्य अब निजी एजेंसी को सौंपा जा रहा है। इसकी शुरुआत केंद्रीय योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों से कर दी गई है। केंद्र सरकार द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से जिले के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के कार्य कराए जा रहे हैं। जिनके निरीक्षण का कार्य नागपुर की दो निजी एजेंसी पुराणिक ब्रदर्स और ग्रीन डिजाईन को दिया गया है।

**खास बातें**

- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में निजी एजेंसी ने शुरू किया कार्य
- नागपुर की पुराणिक ब्रदर्स, ग्रीन डिजाइन को मिली जिम्मेदारी

राज्य सरकार के विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की निगरानी एवं उनकी गुणवत्ता देखने का कार्य अब तक विभाग के ही तकनीकी विभाग के कर्मचारी किया करते थे और उनकी अंतिम रिपोर्ट दिए जाने के बाद ही निर्माण कार्य करने वाली ठेका कंपनी को भुगतान किया जाता था किंतु अब इस व्यवस्था में एक और कदम केंद्र सरकार के द्वारा अपनी योजनाओं के लिए उठाया गया है। इसके अनुसार अब केंद्र सरकार के द्वारा राज्य सरकार के निर्माण एजेंसी पीएचई, पीडब्ल्यूडी, आरईएस के द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की निगरानी केंद्र सरकार ने निजी एजेंसियों को सौंपा है और इसकी शुरुआत केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन अंतर्गत जारी कार्यों के निरीक्षण से शुरु कर दिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण से लेकर घर घर नल कनेक्शन देने हेतु पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण और गुणवत्ता की जांच का काम नागपुर की दो निजी एजेंसी पुराणिक ब्रदर्स और ग्रीन डिजाईन को दिया गया है। जिनके स्टॉफ निर्माण एजेंसी पर जाकर ठेका कंपनियों द्वारा कराए जाने वाले कार्यों का निरीक्षण करने के साथ उसकी गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में चलने वाले जल जीवन मिशन के कार्यों के निरीक्षण के लिए इन निजी एजेंसियों के कर्मचारियों को सतत रुप से दौरा करना है लेकिन इनके द्वारा निरीक्षण में कोताही बरतने की जानकारी सामने आई है।


पीएचई विभाग में चल रहा जल जीवन मिशन का कार्य।

### सामान व ऑफिस का पता नहीं

जल जीवन मिशन के कार्यों का सभी साइड में जाकर निरीक्षण का कार्य लेने वाली पुराणिक ब्रदर्स और ग्रीन डिजाइन कंपनी का कार्यालय शहर में कहां खोला गया है इसकी जानकारी न तो निर्माण करने वाली ठेका कंपनी को है और न ही इनके पास क्या तकनीकी सामान है, इसकी उपलब्धता के संबंध में किसी को जानकारी नहीं है। थर्ड पार्टी इंक्वारी (टीपीआई) के नाम से होने वाले कार्यों की जिम्मेदारी लेने वाली इन दोनों निजी एजेंसी के पास परीक्षण हेतु तकनीकी सामान के नहीं होने की भी जानकारी मिली है। इसके साथ ही इनके दफ्तर का भी कोई पता नहीं है। जब कभी निरीक्षण करना होता है तो ये पीएचई विभाग में ही ठेका कंपनियों को मिलते हैं।

# लेन-देन को लेकर खाद्य निरीक्षक की पिटाई, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य निरीक्षक स्तर की एक महिला अधिकारी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मामले में पीड़िता खाद्य निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार खाद्य निरीक्षक ने एक वर्ष पूर्व ग्राम चैनपुर के दिलेश्वर पटेल को गाड़ी चलाने के लिये चालक रखा था। दिलेश्वर पटेल ने लगभग 1 वर्ष तक चलाया, उसी दौरान दिलेश्वर पटेल को रूपये की आवश्यकता पडने पर 3 लाख 85 हजार रूपये अलग-अलग किस्त में दी थी। इसके बाद लगभग 2 लाख रूपये वापस किया तथा गाड़ी चलाना छोड़ दिया। उसके बाद शाम 6 बजे दिलेश्वर पटेल द्वारा घर के मोबाईल में महिला अधिकारी के बेटे जिसकी उम्र 10 वर्ष है जिसको अपशब्द बोला जिसको समझाने के लिये 30 दिसम्बर को रात्रि में लगभग 9 बजे उसके गांव चैनपुर गई। अपने साथ सरपंच रामनारायण राठिया, उप सरपंच संतोष पटेल, पंच पुरूषोत्तम गबेल, ग्राम बोतली का मनोज वर्मा, ग्राम रामपुर का सुरेन्द्र ठाकुर तथा रिषी पाण्डेय को लेकर पीपल चौक पास दिलेश्वर पटेल को सुरेन्द्र एवं पुरूषोत्तम के माध्यम से बुलवाई, और बच्चे लोगों को अपशब्द क्यों बोलते हो कहकर समझाने लगी तब दिलेश्वर पटेल ने गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए लात से महिला अधिकारी के पेट को मारा तथा बेटे को भी लात से मार दिया। घटना के दौरान सरपंच रामनारायण राठिया, उप सरपंच संतोष पटेल, पंच पुरूषोत्तम गबेल, ग्राम बोतली का मनोज ⏭ शेष पेज 3 पर

## तीन तिमाही बाद कोल इंडिया का उत्पादन पहुंचा 531.89 एमटी पर

# एसईसीएल दिसंबर में भी उत्पादन में पिछड़ा, अब तक 123 मिलियन टन उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चालू वित्तीय वर्ष के 9 माह गुजरने के बाद कोल इंडिया ने उत्पादन लक्ष्य 780 मिलियन टन के मुकाबले अब तक 552 मिलियन टन उत्पादन किया है। सालाना लक्ष्य को हासिल करने के लिए तीन माह के भीतर कंपनी को 228 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना होगा। अनुषंगी कंपनी एसईसीएल भी सितंबर माह में अपने उत्पादन लक्ष्य से पिछड़ गया है। कंपनी ने 20.49 मिलियन टन की जगह 16.60 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है।

उल्लेखनीय है कि चालू वित्तीय वर्ष की तीन तिमाही के बाद कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन का आंकड़ा 531.89 मिलियन टन पर पहुंचा गया है। कंपनी के समक्ष चालू वित्तीय वर्ष में 780 मिलियिन टन का लक्ष्य है। कोल इंडिया ने तीन तिमाही में 552.28 मिलियन टन कोल उत्पादन किया है। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने अप्रेल से दिसम्बर तक की अवधि में 49.66 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। बात करें कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल की तो वित्तीय वर्ष के तीसरी तिमाही में एसईसीएल ने 130 मिलियन टन की जगह 123 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। इस वर्ष एसईसीएल को 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना है। शेष बचे तीन माह में एसईसीएल के सामने 74 मिलियन टन कोयला उत्पादन की चुनौती है। दिसंबर माह में भी एसईसीएल अपने उत्पादन लक्ष्य से पीछे रहा। कंपनी को दिसंबर माह में 20.49 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना था। जिसके मुकाबले ⏭ शेष पेज 3 पर


फाइल फोटो

### अप्रैल- दिसम्बर की अवधि में कोयला उत्पादन

| | |
|---|---|
| एसईसीएल | 123.12 एमटी |
| बीसीसीएल | 29.83 एमटी |
| सीसीएल | 55.77 एमटी |
| ईसीएल | 30.01 एमटी |
| एमसीएल | 145.54 एमटी |
| एनसीएल | 103.90 एमटी |
| डब्ल्यूसीएल | 43.59 एमटी |
| एनईसी | 0.12 एमटी |
| सीआईएल | 531.89 एमटी |

### अप्रैल- दिसम्बर की अवधि में कोयला प्रेषण

| | |
|---|---|
| बीसीसीएल | 29.25 एमटी |
| सीसीएल | 60.78 एमटी |
| ईसीएल | 29.00 एमटी |
| एमसीएल | 145.75 एमटी |
| एनसीएल | 105.16 एमटी |
| एसईसीएल | 132.40 एमटी |
| डब्ल्यूसीएल | 49.85 एमटी |
| एनईसी | 0.09 एमटी |
| सीआईएल | 552.28 एमटी |

### नागरमुड़ा व मांझीपारा में शिविर किया गया आयोजित

**कोरबा।** प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम बिंझरा, कुटेशरनगोई, पोड़ीगोसाई व अमलडीहा मांझीपारा में पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन ने की आत्महत्या

**लॉस एंजेलिस।** हांगकांग की मशहूर अभिनेत्री बोनी लाई सुक यिन का निधन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निधन की पुष्टि कथित तौर पर पूर्व पति केनेथ लो ने की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोयला जलाने के बाद बोनी लाई बेहोश हो गई और कुछ देर बाद धुएं के कारण उनकी मौत हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस को उनके



आवास पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 'यंग एंड डेंजरस 3' एक्ट्रेस ने पहले कथित तौर पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाया था, जिसके बाद यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। डॉक्टरों ने इस मामले को आत्महत्या का मामला बताया है। लाई सुक यिन ने अपनी मौत से एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर अपने परिवार के साथ क्रिसमस मनाते हुए एक तस्वीर भी साझा की थी। इसमें उनके पति और बच्चे दोनों साथ नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि मौत से दो हफ्ते पहले वह अपने पूर्व पति से मिलने आई थीं और पिछले 20 साल से डिप्रेशन से जूझ रही थीं। 1995 में मिस एशिया प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर उभरने के बाद, लाई सुक-यिन ने वैम्पायर एक्सपर्ट II, यंग एंड डेंजरस 3 और लीगल अफेयर्स में अभिनय किया। उन्होंने 1998 में केनेथ लो से शादी की, जिनसे उनके दो बेटे हुए। 2006 में दोनों अलग हो गए और 2007 में लाई ने कॉस्मेटिक सर्जन एंगस हुई ची-चिंग से शादी कर ली। लाई और एंगस हुई ची-चिंग के दो बेटे हैं।

## टॉलीवुड


### ओटीटी पर धमाल मचाएंगी हॉय नन्ना, 4 जनवरी को होगी स्ट्रीम



**चेन्नई।** साउथ फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। मृणाल और नानी की फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस कर रही है। खबर के मुताबिक, इस फैमिली ड्रामा ने 21 दिनों में करीब 46 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। खैर, अगर आपने सिनेमाघरों में फिल्म मिस कर दी है तो आप ओटीटी पर भी इसका मजा ले सकते हैं। 'हाय नन्ना' ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म को 4 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इसे हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में ओटीटी पर देख सकते हैं। एक रोमांटिक कहानी होने के अलावा, 'है नन्ना' एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को भी खूबसूरती से दर्शाती है। विराज (नानी) एक पेशेवर फोटोग्राफर है और अपनी बेटी माही (कियारा) को अकेले ही पालता है। माही यह जानने के लिए बेताब है कि उसकी मां कौन है? लेकिन विराज हमेशा इस सवाल को नजरअंदाज कर देता है। आखिरकार वह यशना (मृणाल ठाकुर) से मिलने के बाद उसे माही की असली मां के बारे में बताता है। इस तेलुगु पारिवारिक ड्रामा में मृणाल ठाकुर और नानी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में मृणाल और नानी के अलावा बाल कलाकार कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकार सहायक भूमिकाओं में नजर आए।

## भोजपुरी

### पैसों की दिक्कत के कारण कभी दूध बचते थे खेसारीलाल



**पटना।** खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक हैं। भोजपुरी जगत में उनकी गिनती हाईएस्ट पेड एक्टर्स में होती है। उन्होंने कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर किया है लेकिन एक वक्त था जब उनके पास पैसों की काफी दिक्कत थी। दरअसल, एक्टिंग में कदम रखने से पहले वो लिट्टी चोखा बेचा करते थे. इसका खुलासा उन्होंने खुद एक शो पर किया। खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है।एक शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे।

लाइफ स्टाइल

एथनिक ट्रेडिशनल लुक

शमा सिकंदर अपने स्टाइल से फैंस को इंप्रेस करती रहती हैं। ये कहना गलत नहीं होगा की शमा टीवी की दुनिया की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। शमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस हर दिन अपनी नई-नई तस्वीरों से फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। वो कभी अपने बोल्ड लुक से तो कभी ट्रेडिशनल लुक से होश उड़ाती रहती हैं। शमा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीर शेयर की हैं। ट्रेडिशनल लुक में वो सिंपल तो लग रही पर बला की खूबसूरत भी लग रही हैं।



## ऊनी कपड़ों से है एलर्जी, बचने के लिए ये टिप्स करें फॉलो

सर्दियों में अक्सर कई लोगों को शिकायत होती है कि ऊनी कपड़ों से उनकी स्किन पर दाने, रैशेज और खुजली की समस्या हो जाती है। दरअसल कुछ लोगों की स्किन काफी सेंसिटिव होती है तो कभी-कभी ज्यादा ड्राइनेस की वजह से वुलेन से एलर्जी हो सकती है। सर्दियों में ठंड से बचने के लिए स्वेटर और शॉल जरूरी होते हैं, लेकिन कुछ लोगों को वुलेन वाले कपड़े पहनने की वजह से स्किन पर एलर्जी होने लगती है। अक्सर कई लोगों को आपने कहता सुना होगा कि गर्म कपड़े पहनने से उनकी स्किन पर लाल चकते पड़ जाते हैं या महीन दाने निकल आते हैं, जिसकी वजह से



इरिटेशन, खुजली और स्किन पर जलन होने लगती है. ऊनी कपड़े पहनते समय अगर कुछ बातों को ध्यान में रखा जाए तो इस समस्या से बचा जा सकता है।

### स्किन को वुलेन के संपर्क से बचाएं

अगर ऊनी कपड़ों की वजह से रैशेज हो जाते हैं तो सबसे पहले फुल स्लीव की कोई ऐसी टी-शर्ट या टॉप पहनें, जो कॉटन या बहुत ही मुलायम कपड़े का हो। इससे आपकी त्वचा सीधे वुलेन के संपर्क में नहीं आएगी और आपकी स्किन रैशेज से बची रहेगी।

### स्किन को हाइड्रेट रखें

सर्दियों में अपनी स्किन को हाइड्रेट रखें ताकि ड्राइनेस न हो। इसके लिए भरपूर मात्रा में पानी पीने के साथ ही रोजाना रात को जैतून के तेल या फिर कोकोनट ऑयल से हाथ-पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों पर अच्छी तरह से मसाज दें।

## साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए आजमाएं ये आसान तरीके

हर किसी को अपने शरीर के हिसाब से ही साड़ी का चयन करना चाहिए। आप साड़ी पहनकर महफिल में छा सकती हैं। अगर आपका फिगर पतला है तो कॉटन, फैब्रिक और टसर सिल्क की साड़ियां आप पर बहुत अच्छी लगेंगी। इन्हें पहनकर आप ज्यादा पतली नहीं दिखेंगी। वहीं, अगर आप थोड़ी मोटी हैं तो शिफॉन, क्रेप, जॉर्जेट फैब्रिक की साड़ी पहनें। इससे आप स्लिम दिखेंगी।

**साड़ी खरीदते समय लंबाई का ध्यान रखें :** साड़ी खरीदते समय उसकी लंबाई का विशेष ध्यान रखें। दरअसल, बड़े प्रिंट और चौड़े बॉर्डर वाली साड़ियां लंबाई को छोटी दिखाती हैं। अगर बहुत लंबी महिलाएं इनका इस्तेमाल करें तो उनकी लंबाई कम हो जाएगी। वहीं छोटे कद की महिलाओं को बिना बॉर्डर या पतले बॉर्डर वाली साड़ी पहननी चाहिए, जिससे उनकी हाइट थोड़ी लंबी लगेगी।



## वेस्टर्न हो या एथनिक फुटवियर बनाएंगे स्मार्ट और स्टाइलिश





अपने वॉर्डरोब में जूतों का कलेक्शन न सिर्फ महिलाओं को पसंद आता है बल्कि पुरुषों को भी पसंद आता है। लेकिन एक समस्या जो दोनों में देखी जाती है वह है कि हर मौके पर क्या पहना जाए। जितने ज्यादा विकल्प उतना बेहतर। बात करने और सुनने में तो यह अच्छा लगता है, लेकिन असल में यह सिर्फ भ्रम पैदा करता है। आप किस तरह के जूते किस कपड़े के साथ पहन सकते हैं।

**लेदर म्यूल:** टैन, ब्लैक और ब्राउन टोन मशहूर हस्तियों के पसंदीदा शेड हैं और सबसे अच्छा फैशन स्टेटमेंट बनाते हैं। जो पुरुष जूतों पर बहुत अधिक पैसा खर्च नहीं करना चाहते हैं और एक ऐसे विकल्प की तलाश में हैं, जिसे एथनिक से लेकर कैजुअल वियर तक हर चीज के साथ पहना जा सके। खच्चर उनके लिए सर्वोत्तम हैं।

**फ्यूजन लोफर्स:** मुलायम चमड़े से बने लोफर्स लगभग सभी मौसमों में पहनने के लिए सबसे अच्छे होते हैं। मोकासिन जूते बंद जूते हैं और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। यह आपके सामान्य चमड़े के जूतों की तुलना में एक स्मार्ट विकल्प है। आप इन्हें स्मार्ट सेमी-फॉर्मल या फॉर्मल लुक के साथ पेयर कर सकते हैं। लोफ़र्स विभिन्न डिज़ाइनों और रंगों जैसे मैरून, नीले और मैरून में उपलब्ध हैं।

**स्यूड चाका:** हाल के वर्षों में चाका की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई है। ये गोल, मुलायम और टखने तक





लंबाई वाले होते हैं। इस पर ज्यादा सजावट नहीं है। ये स्नीकर्स का परफेक्ट विकल्प हो सकते हैं और इनका टेक्सचर भी काफी अच्छा होता है। इसे चमड़े या स्पोर्ट्स जैकेट, जींस और पोलो शर्ट के साथ पहनें।

**कोल्हापुरी चप्पल:** पारंपरिक कपड़ों के साथ पहनने के लिए कोल्हापुरी चप्पलें बेस्ट ऑप्शन हैं। चाहे आप कुर्ता या शेरवानी पहनें या फिर धोती के साथ भी इन्हें पहन सकते हैं। आराम के लिहाज से भी ये अच्छे हैं। कई शैलियों और रंगों में भी उपलब्ध है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन्हें रोजमर्रा के कपड़ों के साथ और यहां तक कि पार्टियों में भी पहना जा सकता है। वे टिकाऊ होते हैं और वर्षों तक चलते हैं।

## स्किन टोन के हिसाब से चुनें नेल पालिश, खूबसूरती में लगेंगे चार चांद


*अगर लुक में सबकुछ परफेक्ट हो, लेकिन नेल पेंट सही न लगे, तो पूरी अपीयरेंस पर इसका असर पड़ता है। लेकिन मेकअप के साथ ही अगर नेल पॉलिश भी आप स्किन टोन के हिसाब से चुनेंगीं, तो ये आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगा देगा।*

### फेयर स्किन के लिए

अगर आपका रंग गोरा है और आपको लगता है कि आप पर तो सभी कुछ फबेगा, तो ऐसा बिलकुल नहीं है। फेयर कलर वाली लेडीज को सॉफ्ट बेरी और ब्लू अंडरटोन के साथ वाइन रेड, डस्टी रोज, पारदर्शी, शाइनी पिंक जैसे कलर अपने नेल्स पर कैरी करने चाहिए। इसमें आपके हाथ बेहद क्लासिक लगेंगे।

### गेहुंए रंग के लिए

अगर आपकी स्किन गेहुंए रंग की है, तो गहरे या रोजी पिंक, प्लम, बेरीज या डीप



ब्राउन रेड कलर बढ़िया आपके नाखुनों के लिए बढ़िया रहेगा। आपकी स्किन टोन पर स्काई ब्लू कलर काफी खूबसूरत लगेगा। इसके अलावा कॉफी या चॉकलेट से मिलते हुए कलर भी काफी खूबसूरत दिखेंगे।

### सांवली रंगत के लिए


आपकी स्किन डार्क है, तो ब्राउन का कोई भी शेड आप पर अच्छा लगेगा। शीयर, शिमर लाइट ब्राउन से कॉफी टोन तक सब अच्छे लगेंगे। आप इनमें से कोई कलर अपने नेल्स के लिए चुन सकते हैं।

### इस बात का भी रखें ख्याल

ज्यादा पीलापन लिए ब्राउन नेलपेंट या येलो अंडरटोन न लगाएं वरना लगेगा कि आप सिगरेट ज्यादा पीती हैं। डार्क रेड सुंदर लगते हैं लेकिन अगर आपकी स्किन पीलापन लिए है, तो रेड में ब्लू अंडरटोन चुनें।

## अगर ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में शामिल करें नट्स और सीड्स

महिलाएं हो या पुरुष ज्यादातर लोग चाहते हैं कि उनकी स्किन ग्लोइंग बनी रहे। चमकता चेहरा आपको भीड़ से अलग कर देता है। चेहरे को चमकाने के लिए ज्यादातर महिलाएं मेकअप तो कुछ नेचुरल टिप्स को अपनाती हैं। इनसे चेहरे पर चमक तो आती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से चेहरे की रंगत उड़ जाती है। ऐसे में अगर आप ग्लोइंग स्किन चाहते हैं तो डाइट में कुछ फूड्स को शामिल कर लें। ये फूड्स लगाने की जगह खाने से ही आपकी त्वचा खिल उठेगी।



### नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना

नट्स और सीड्स पोषक तत्वों का खजाना माने जाते हैं। इन्हें आप किसी भी समय कच्चा या फिर पानी में भिगोकर खा सकते हैं। आप चाहे तो इन्हें हल्वा से लेकर दलिया या फ्रूट सलाद के साथ भी खा सकते हैं। इन्हें खाने से सेहत अंदर से बूस्ट होती है। इम्यूनिटी स्ट्रोंग होती है। साथ ही नट्स और सीड्स में मिलने वाले पोषक तत्व स्किन को भी हेल्दी बनाएं रखते हैं। इससे स्किन की समस्याएं खत्म होती है और ग्लो करती है।

### शकरकंद खाना कर दें शुरू

शकरकंद सेहत के साथ ही स्किन को हेल्दी बनाएं रखने के लिए बेहतरीन फूड है। इसमें बीटा केरोटीन से लेकर विटामिन ए भरपूर मात्रा में मिलता है। यह सर्दियों का सुपरफूड है, जिसे खाने में शामिल करके आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी। यह एक ऐसा फूड है,जिसे आप बिना तेल में पकाएं भी खा सकते हैं। यह डायबिटीज मरीजों के लिए मीठे की क्रेविंग को शांत रखता है और ब्लड शुगर लेवल भी नहीं बढ़ने देता।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी सब्जियों में आपकी बॉडी में पावर बूस्ट करने के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इन सब्जियों में विटामिन ए से लेकर सी, मिनरल्स और फाइबर मिलते हैं। इससे पाचन शक्ति तो बूस्ट होती ही है। स्किन भी हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। अगर आप किसी तरह की स्किन डिजीज से जूझ रहे हैं तो हरी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं

## पुरानी साड़ियों से तैयार करें नया आउटफिट


जब किसी शादी या पार्टी में जाना होता है तो लड़कियों के सामने सबसे पहली समस्या यह आती है कि उनके पास पार्टी में जाने के लिए कपड़े नहीं होते हैं। वे हर प्रदर्शन के लिए कुछ नया चाहती हैं। इसलिए, पहले खरीदे गए सभी कपड़े कोठरी में रहते हैं और उपयोग में नहीं आते हैं, जिसमें पुरानी साड़ियों के लिए एक अलग गोदाम होता है। अगर आपका भी कुछ ऐसा ही हाल है तो आप पुरानी साड़ियों से अपने वॉर्डरोब में एक नया लुक तैयार कर सकती हैं जो पहनने पर बिल्कुल खूबसूरत और नई लगेंगी। आइए जानें...

### अनारकली सूट

*आप अपनी किसी भी पुरानी साड़ी से अनारकली सूट बना सकती हैं, इससे आपकी पुरानी साड़ी भी लग जाएगी और नया आउटफिट भी तैयार हो जाएगा। बस इस बात का ध्यान रखें कि साड़ी थोड़ी भारी होनी चाहिए ताकि सूट थोड़ा गोलाकार और सुंदर दिखे।*

### स्कॉटिश स्कर्ट

*अगर आपके घर में आपकी मां या दादी की कोई पुरानी और खूबसूरत साड़ी है तो आप उससे भी लहंगा बना सकती हैं। बस इसके लिए आपको शिफॉन या बनारसी साड़ी में से किसी एक का चयन करना होगा क्योंकि किसी अन्य फैब्रिक से बना लहंगा अच्छा नहीं लगेगा।*



**शरारा** *आजकल हर लड़की शरारा ट्रेंड को फॉलो कर रही है। अगर आपके पास बहुत वर्क वाली साड़ी है तो आप उस साड़ी से शरारा बना सकती हैं। जिसे आप किसी भी क्रॉप टॉप या कुर्ती के साथ पहन सकती हैं।*

### लहंगा

यह ड्रेस आजकल काफी ट्रेंड में है और बाजार से खरीदने पर काफी महंगी भी है लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप इसे पुरानी साड़ी के साथ भी बना सकती हैं। एक बार पूरा हो जाने पर यह बहुत सुंदर होगा। अगर आपके पास सिंपल साड़ी है तो आप उस साड़ी से रोजाना पहनने के लिए सिंपल कुर्ती बना सकती हैं। जो इस्तेमाल में नया और खूबसूरत लगेगा। कुर्ती के अलावा आप शॉर्ट कुर्ती, टॉप आदि भी बनवा सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### सचिव संघ ने दिवंगत परिवार को 11 हजार रुपए की दी सहायता

**मड़वारानी।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई करतला के दिवंगत साथी खेदूसिंह पैकरा धर्मपत्नी भुनेश्वरी पैकरा को सचिव संघ ब्लॉक इकाई करतला अध्यक्ष सत्यनारायण कंवर और सचिव साथी के द्वारा उनके घर जा कर 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई।

### मंत्री लखनलाल देवांगन ने कैलेंडर का किया विमोचन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत संगठनों का प्रतिनिधि संगठन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम द्वारा किया गया। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि कर्मचारी अधिकारी शासन के सभी योजनाओं का क्रियान्वयन के प्रमुख कड़ी होते हैं, इस जिले का विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री होने के नाते आप सभी कर्मचारियों अधिकारियों की समस्याओं का निदान मेरा दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान फ़ेडरेशन के संयोजक केआर डहरिया कार्यकारी संयोजक द्वय जेपी खरे, एनके राजवाड़े, महासचिव तरुण सिंह राठौड़, जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश बघेल, कोषाध्यक्ष मानसिंह राठिया, खण्ड संयोजक पोड़ी उपरोड़ा गुलाबदास महंत, दिनेश कुमार टेंगवार, आरडी केशकर, पीपीएस राठौर, एफआर टंडन, नरेंद्र नाथ श्रीवास, एलएल बंजारे आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपास्थित रहे।

### अघरिया क्षत्रिय कुर्मी समाज ने विधायक ब्यास का किया स्वागत



**हरदीबाजार।** विकासखंड कटघोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढ़ाली में अघरिया क्षत्रिय कुर्मी समाज के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं द्वारा जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप के मुढ़ाली आगमन पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक ब्यास कश्यप ने सर्व समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की मेहनत व आशीर्वाद ने विजय बनाया है। आप सभी को धन्यवाद देता हूँ स्नेह प्यार सदा मिलता रहे एवं समस्त स्वजातिय बंधुओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रोत्साहन दिया गया प्रदेशाध्यक्ष अघरिया कुर्मी समाज चंद्रशेखर कश्यप ने अपने संबोधन में समाज को संगठित रहने को कहा कार्यक्रम को सफल बनाने में रामदुलार कश्यप केंद्र अध्यक्ष अथरिया क्षत्रिय कुर्मी समाज, श्रवण कुमार कश्यप उपाध्यक्ष, मनीराम कश्यप सचिव, पवन कश्यप नैला, रमाकांत महाराज आचार्य भगवती पंडित हरदीबाजार, फूलचंद कश्यप महासचिव सराईसिंगार, उधो राम कश्यप महा निरीक्षक सन्डैल, बसंत कश्यप केंद्र अध्यक्ष दादर, आनंद राम कश्यप उपाध्यक्ष सन्डैल, द्वारका प्रसाद कश्यप केंद्र अध्यक्ष वीरतराई, ईश्वर प्रसाद कश्यप सर्व कुर्मी समाज अध्यक्ष पाली , दुर्गेश कश्यप केंद्र अध्यक्ष धतूरा आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयं सेवकों ने निभाई सहभागिता

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर के डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता शिविर युवा भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत थीम पर कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार बंजारे सेजस चैतमा ग्रुप लीडर के मार्गदर्शन में स्वयं सेवक समृद्धि श्रीवास्तव, बिंदु पटेल, उमा भारती, मोहम्मद बाकर, राहुल वैष्णव, चिन्तामणि टीम के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी संगठन ब्यवस्था हेमचंद यादव विश्विद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय एकता एकता शिविर में सहभागिता के लिए टीम के साथ बिलासपुर से डॉ मनोज सिन्हा ,डॉ शिवदयाल पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने शुभकामनाएं के साथ रवानगी किया।

## निधन

### पीके वर्मा

**कोरबा।** कायस्थ समाज के वरिष्ठ सदस्य पीके वर्मा अमरैयापारा निवासी का 1 जनवरी को अपोलो अस्पताल बिलासपुर में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को बिलासपुर से कोरबा लाया गया एवं उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर परिजन, समाज के नागरिक सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## परसाभाठा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन

# भागवत में अपनी ही नियति से मिलने की छिपी है प्रेरणा : आचार्य राजेंद्र



शोभायात्रा में उपस्थित आचार्य व ग्रामीण।



गांव की गलियों में निकाली गई कलशयात्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर के कोरबा मुख्य मार्ग पर स्थित परसाभाठा नवधा पंडाल में नए साल के साथ कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने अपने सिर में कलश धारण कर और पुरुषों ने हाथ में ध्वजा थाम कर सनातन धर्म के प्रति आस्था भाव के साथ जयकारा करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर वेद मन्त्रों के साथ देवताओं का आह्वान और महापुराण का पूजन किया।

भागवत कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ से छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भागवत आचार्य राजेंद्र महाराज द्वारा भागवत महात्म कथा का सरस वर्णन करते हुए बताया गया कि श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण जी का वांग्मय स्वरूप है। यह शाश्वत संहिता है, जो किसी मनुष्य को उसके भाग्योदय होने पर ही प्राप्त होता है केवल पुरुषार्थ के कारण नहीं इसी भागवत रूपी सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म का पुण्य लाभ से भक्ति देवी के दोनों पुत्रों ज्ञान और वैराग्य को किशोर अवस्था की प्राप्ति हुई। धुंधकारी जो अपने कुकर्मों के कारण भयानक प्रेत बना हुआ था जिसकी सद्गति के लिए गोकर्ण जी महाराज ने इसी भागवत कथा को श्रवण कराया और धुंधकारी को परमधाम अर्थात मोक्ष मिला था। 7 दिन की भागवत कथा को श्रवण कर श्राप ग्रस्त राजा परीक्षित को भी ब्रह्म संयोज्य अर्थात परमधाम की प्राप्ति हुई।

आचार्य ने बताया की श्रीमद् भागवत देव दुर्लभ भी है इसका अधिकारी वही होता है जिस पर भगवान बांके बिहारी और राधे रानी की अति कृपा होती है। धन्य है हमारे भारत भूमि को जहां संसार का सर्वप्रथम भागवत कथा यज्ञ शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को श्रवण कराया था। भागवत युवाओं की कथा है यह केवल किसी एक संप्रदाय अथवा जाति वर्ग के लिए नहीं है। भागवत में अपनी ही नियति से मिलने की प्रेरणा छिपी हुई है , जिस प्रकार किसी बीज के भीतर अंकुरण छिपा हुआ रहता है। इसका श्रवण मनन और चिंतन कर आत्मसात करना संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए है। प्रथम दिन से ही श्रोताओं को ही श्रोताओं को मधुर संगीत और जीवंत झांकियां का दर्शन लाभ प्राप्त हो रहा है। भागवत कथा महोत्सव के आयोजन महानदी युवा संगठन द्वारा किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कोरबा जिले के जनमानस से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने हेतु आने की अपील की है।

# बाल कृष्ण को भोग लगा कर की गई विशेष पूजा



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मलयाली समाज के सुभाष ब्लाक एसईसीएल कालोनी स्थित श्रीअय्यप्पा शनिश्वर मंदिर में मंगलवार को व्यासपीठ से कृष्णावतार कथा श्रद्धालुओं को सुनाई गई। कथा प्रसंग के पूर्व 10 साल से कम उम्र के बच्चों को भगवान कृष्ण के बालरूप में सजा कर लाया गया था। जहां उनकी विशेष पूजा आचार्यों द्वारा की गई। पूजा के अंत में बाल गोपाल को विशेष भोग ग्रहण कराया गया। उसके बाद कथा मंडप में उपस्थित श्रोताओं को प्रसाद बांटी गई।

श्रीमद् भागवत पारायण सप्ताह यज्ञ में व्यासपीठ से आचार्य उन्नीकृष्णन नंबूदिरी ने बताया कि भगवान की बाल लीलाओं में भी कई प्रेरक संदेश छिपे हैं। जरूरत है तो उन्हें ग्रहण करने व आत्मसात करने की। लीलाओं से मिलने वाले संदेश को आत्मसात करने मात्र से प्राणी मात्र का कल्याण हो सकता है। इसलिए श्रीमद् भागवत कथा सुनने का जब कभी भी सौभाग्य मिले उसे छोड़ना नहीं चाहिए। कथा के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। श्री अय्यप्पा सेवा समिति के अध्यक्ष सीएस राजेश व महासचिव सुब्रमण्यम के ने बताया कि 3 जनवरी को गोविंद पट्टाभिषेक (गोवर्धन पूजा) प्रसंग की कथा होगी। शाम 5 बजे विद्याराजगोपाल मंत्रार्चना होगी। जिसमें विद्या अध्ययन करने वाले हर बालिका व बालको के लिए विद्या विजय प्राप्ति एवं बुद्धि विकसन के लिए महत्वपूर्ण होगी।

# लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने घोघरा में पारिवारिक पिकनिक का आयोजन



पिकनिक में उपस्थित लायंस क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा छुरी द्वारा नववर्ष पर मंगलवार को जडगा स्थित घोघरा में पारिवारिक पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने परिवार के साथ अपनी सहभागिता निभाई। क्लब के अध्यक्ष अजय धनोंदिया ने बताया कि चूंकि यह क्लब पारिवारिक है इसलिए सेवा के साथ मनोरंजन भी होना अनिवार्य है। इसलिए नववर्ष के आगमन को यादगार बनाने पारिवारिक पिकनिक का आयोजन किया गया। परिवारों के द्वारा ग्राम घोघरा की सुंदर वादियों का आनंद लिया। इस दौरान सभी के लिए मनोरंजक गेम का आयोजन भी किया गया था। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर क्लब सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल छुरी, राकेश गोयल, हुकुमचंद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल छुरी, मुकेश गोयल, मनोज अग्रवाल, राकेश बंसल, दीपक गर्ग, प्रकाश अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, भरत अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अतुल मित्तल, विकेश अग्रवाल, दीपक बंसल, आशीष धनोंदिया, मुकेश गुप्ता, विक्की राजपूत, नितिन मित्तल, गणेश अग्रवाल सभी सपरिवार शामिल रहें।

### एसईसीएल मुख्यालय के 13 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 13 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हॉल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एस.एन. कापरी, निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या, मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमारी, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में आर.पी. सिंह महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण), आर.के. पटेल महाप्रबंधक (उत्खनन), पी. मोहन्ती मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) श्रमशक्ति विभाग, राकेश कुमार मुख्य प्रबंधक उत्खनन विभाग, एस.जे. कपूर मुख्य प्रबंधक (सर्वे) योजना-परियोजना विभाग, सुरजीत बोस मुख्य प्रबंधक (खनन) योजना-परियोजना विभाग, संजीव यादव मुख्य प्रबंधक (खनन) सुरक्षा व बचाव विभाग, टी.के. मुखोपाध्याय प्रबंधक उत्खनन विभाग, ए.के. पाण्डेय प्रबंधक सिविल विभाग, सी.एस.एस. क्षत्रीय कार्यालय अधीक्षक विक्रय विपणन विभाग, एस.एन. चटर्जी कार्यालय अधीक्षक उत्पादन विभाग, ए.के. शर्मा सुपरवाईजर (टेलीकाम) ईएण्डटी विभाग, बी.के. बिजलवान असिस्टेन्ट सुरवाईजर परिवहन विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।

# जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने मनाया 30वां शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित कैबिनेट मंत्री।

समाजसेवी संस्था जेसीआई कोरबा सेंट्रल का 30वां शपथ ग्रहण समारोह होटल मीरा रिसोर्ट उरगा में संपन्न हुआ। जिसमें जेसीआई कोरबा सेंट्रल से जेसी उत्कर्ष अग्रवाल, जेसीआई लीजेंड से जेसी राजन बर्नवाल एवं जेसिरेट विंग से जेसीरेट शीतल अग्रवाल ने टीम के साथ शपथ ग्रहण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाणिज्य उद्योग श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित थे। श्री देवांगन ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा सामाजिक सरोकारों से हमेशा आम लोगों का सहयोग करती रही है एवं ब्लड डोनेशन और विभिन्न कार्यों से आम लोगों को ज़रूरत के समय मदद करने का काम करती रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व अध्यक्ष जेसी इंजीनियर राज अग्रवाल, शपथ अधिकारी के रूप में जेसीआई सेनेटर जेसी सीए अमर अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यग उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी निश्चल टमकोरिया एवं को-प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी रौनक़ अग्रवाल थे। अंत में सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर नय साल स्वागत किया। संस्था के सचिव प्रतीक अग्रवाल ने उक्त कार्यक्रम की दी जानकारी।

# विधायक प्रेमचंद पटेल का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन





विधायक प्रेमचंद पटेल को उनके जन्मदिन पर भाजपा नेताओं व समर्थकों द्वारा दी गई बधाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का जन्मदिन आज उनके समर्थकों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नरेश टंडन अपने समर्थकों के साथ विधायक प्रेमचंद पटेल के निवास उतरा रेलडबरी पहुंचकर केक काटकर मनाया। इस दौरान प्रमोद जायसवाल, अरुण राठौर, हीरालाल अहीर, नरेंद्र राठौर,राज ओगरे,भोज प्रसाद चंद्राकर, लम्बोदर राठौर, चैतराम बघेल एवं सूर्या टंडन भी उपस्थित रहे। ग्राम बोईदा में दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में विधायक प्रेमचंद पटेल का पुष्प माला एवं बुके से स्वागत करते हुए केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। दुष्यंत शर्मा ने विधायक पटेल की दीघार्यु की कामना करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य दुष्यंत शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मनोज जगत, दुर्गेश मरावी,देवी राम पटेल, लीलाधर पटेल,मंडल मंत्री सांई मन्नू राठौर, पूर्व युवा आयोग सदस्य रघुराज उइके, दिलीप पटेल, कमलेश्वर कैवर्त, अनिल श्रीवास, महेन्द्र मरावी, त्रिभुवन कंवर,टिकेश्वर श्रीवास,गिलाम पटेल,छोटे लाल पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेवानिवृत होने पर पीएच खान को दी गई विदाई

**कोरबा।** जिले में संचालित रेशम विभाग के कानिस्ट रेशम निरीक्षक के पद पर कार्यरत पीएच खान 31 दिसंबर को अपने सर्विस कार्यकाल के 62 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत हुए। जिनकी विदाई समारोह जिला रेशम विभाग के जिला कार्यालय में रखा गया था। जिसमे रेशम विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान श्री खान ने अपने उद्बोधन में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं जिला रेशम अधिकारी मनीष पवार ने खान की तारीफ की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

# जिले में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता निरंतर बनाये रखने हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता निरंतर बनाये रखने के लिए कलेक्टर सौरभ कुमार के द्वारा जिले में संचालित आईओसी, बीपीसी एवं एचपीसी कंपनी के पेट्रोल-डीजल पंप के सेल्स अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा जिले में परिवहन किए जा रहे टैंकरों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। साथ ही वाहनो की आवाजाही पर पेट्रोलिग दल के द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

जिला खाद्य अधिकारी ने जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित इंडियन ऑयल के सभी पंपो में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता सामान्य है। इंडियन ऑयल डिपो गोपालपुर से पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता तथा प्रदाय व्यवस्था पर निगरानी की जा रही है। जिले में वर्तमान में आईओसी 44, बीपीसी 27 एवं एचपीसी 24 पेट्रोल-डीजल पंप संचालित है। आईओसी कंपन्नी के पेट्रोल पंपो में ऑयल डिपो गोपालपुर से डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति की जाती हैं। बीपीसी कंपन्नी के पेट्रोल पंपो को लखोली रायपुर एवं एचपीसी कंपन्नी के पेट्रोल पंपो का मंदिर हसौद रायपुर से आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में तीनो कंपनी के सेल्स अधिकारी से डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति एवं उपलब्धता के संबंध में प्रतिदिन जानकारी लेकर व्यवस्था को ठीक किया जा रहा हैं। साथ ही इंडियन ऑयल डिपो गोपालपुर से प्रतिदिन ट्रांसपोर्टर एवं डीलरों के टैंकर वाहनों को प्रदाय डीजल-पेट्रोल की सतत निगरानी की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि प्रतिदिन मांग अनुसार अन्य जिलों को भी सप्लाई की जा रही है। विगत 2 दिवस में 110 टैंकर अब तक भेजी जा चुकी है। जिले में डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देश में सभी पेट्रोल पंपों में खाद्य निरीक्षकों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लेनदेन को लेकर...

वर्मा, ग्राम रामपुर का सुरेन्द्र ठाकुर तथा रिषी पाण्डे ने बीच बचाव किया। थाना में महिला खाद्य निरीक्षक की रिपोर्ट पर दिलेश्वर पटेल के विरुद्ध धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### एसईसीएल दिसंबर...

एसईसीएल ने 16.60 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। इस तरह दिसंबर माह में एसईसीएल अपने लक्ष्य से 3.89 मिलियन टन पीछे रहा है। इसी तरह कोयला डिस्पैच में भी एसईसीएल पीछे रहा है। दिसंबर माह में कंपनी को 17.51 मिलियन टन कोयला डिस्पैच की जगह 15.60 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया गया है। एसईसीएल को इस वर्ष 145.31 मिलियन टन कोयला डिस्पैच का लक्ष्य दिया गया है। जिसके मुकाबले कंपनी ने अब तक 132.49 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया है।

निर्वाचन कार्यक्रम
राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ द्वारा मुझे एन.टी.पी.सी. कर्मचारी उपभोक्ता एवं थ्रिफ्ट सहकारी समिति मर्यादित-जमनीपाली, पंजीयन क्र. 3101 के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है।
1. सदस्यों की कुल संख्या 07 (अ) सामान्य वर्ग से (अनारक्षित) 04 (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 01) (ब) अनुसूचित जाति वर्ग 01 (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित निरंक) (स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से 01(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित निरंक) (द) अन्य पिछड़ा वर्ग से 01 (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 01) योग- 07 योग - 02
2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय दिनांक 10.01.2024 को समय 12:00 बजे से 3:00 बजे तक स्थान सोसाइटी कार्यालय एन.टी.पी.सी. थ्रिफ्ट जमनीपाली
3. नामांकन पत्रों की संवीक्षा (जांच) एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 11.01.2024 को समय 12:00 बजे से
4. नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन दिनांक 12.01.2024 समय 12:00 से 3:00
5. विशेष साधारण सम्मेलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना दिनांक 18.01.2024 समय 10:00 से 3:00 तक स्थान प्रगति क्लब टाउनशिप एन.टी.पी.सी. थ्रिफ्ट जमनीपाली (चुनाव समाप्त होने के पश्चात एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जाएगी। )
6. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटियों के प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारीयों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान दिनांक 25.01.2024 समय 12:00 से 3:00 बजे तक स्थान सोसाइटी कार्यालय एन.टी.पी.सी. थ्रिफ्ट जमनीपाली।
(के. एक्का)
रिटर्निंग अधिकारी

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### बंधवाभांठा डाउन लाइन स्थित रेलवे फाटक 3 व 4 जनवरी को रहेगा बंद

**कोरबा।** समपार फाटक क्रमांक सीजी 17 किलोमीटर 688/27-29 बंधवाभांठा डाउन लाइन में स्थित मानव सहित रेल्वे समपार फाटक में 3 एवं 4 जनवरी को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक गेट में अति आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण फाटक स्थित सड़क मार्ग में यातायात अवरूद्ध रहेगा। इस दौरान छोटे वाहन टू व्हीलर, फोर व्हीलर की यातायात हेतु परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया गया है। ऐसे वाहन सीजी क्रमांक 18 (पहंदा फाटक) किलोमीटर 689-29-31 सड़क से यातायात कर सकते हैं।

### छुरीखुर्द, कोरबी सहित विभिन्न ग्रामों में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को विकासखंड कटघोरा के ग्राम धनरास और ग्राम छुरीखुर्द में, जनपद पंचायत करतला के चिकनीपाली तथा कापूपहरी में, विकासखंड कोरबा के ग्राम फुलसरी, समरकना, बासीन व तराईमारडीह में, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के कोरबी और मिसिया, जजगी में, विकासखंड पाली के ग्राम जेमरा और रतखण्डी में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया।

### वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री ने पूजा अर्चना कर कार्य किया प्रारंभ



**कोरबा।** मंगलवार को वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने रायपुर स्थित मंत्रालय में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्य आरंभ किया। मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में हमारा प्रदेश भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे। यह लक्ष्य लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश का उद्योग, श्रम विभाग एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर कार्य करेगा तथा प्रदेश के सभी नागरिकों की खुशहाली और प्रदेश को समृद्ध बनाने की दिशा में भी अपना शत-प्रतिशत योगदान देगा, ऐसा विश्वास दिलाता हूं। इस दौरान बीजेपी जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन, पार्षद अब्दुल रहमान, वैभव शर्मा, परबिंदर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण के बाद मंत्री देवांगन ने सभी विभाग प्रमुखों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान श्रम विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी, उद्योग विभाग के सचिव भीम सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### डॉ. जमील की उपस्थिति में अधिकारियों की हुई बैठक



**कोरबा।** विशेष कमजोर जनजातियों के समाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना की जानकारी देने एवं बेहतर क्रियान्वयन हेतु जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नियुक्त जिला समन्वयक पीएम जनमन डॉ जेबा जमील की उपस्थिति में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। डॉ जमील ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के बारे में प्रेजेटेंशन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से पीव्हीटीजी बसाहटों में अगले तीन वर्ष में सभी बड़े मूलभूत कार्यों आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थय, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं मुहैया कराना है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं का भी लाभ पहुंचाया जाएगा। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ पाएं। डॉ जेबा ने पिछड़ी जनजाति के वंचित सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जनधन बैंक खाता खुलवाने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले स्थानों में शिविर लगाने की बात कही। साथ ही इन बसाहटों में शिविर लगने के संबंध में मुनादी एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कही। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को पीएम जन मन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रयास करने के लिए कहा।

## विभिन्न मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से थे हड़ताल पर

# बालको गेट पर प्रदर्शन कर रहे ठेका श्रमिकों को पुलिस ने खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको संयंत्र के अंदर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

बालको के अधीन काम करने वाले ठेका श्रमिक अपने विभिन्न मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर थे और बालको गेट पर अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। लगातार प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद भी हड़ताल अपनी मांग पर अड़े हुए थे जिससे प्रबंधन का कामकाज प्रभावित हो रहा था। रात को पुलिस ने हड़ताल पर डटे देख श्रमिकों के तंबू को फाड़ कर फेंक दिया है और ठेका श्रमिकों पर लाठी भी बरसाई गई है। जिसके बाद ठेका श्रमिक धरनास्थल से भाग निकले हैं।

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालको संयंत्र के अधीन काम करने वाले ठेका कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 31 दिसंबर से बालको गेट के मुख्यद्वार पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिसकी वजह से बालको प्रबंधन का काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा था। ठेका श्रमिकों की हड़ताल समाप्त करने के लिए बालको प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा था ताकि संयंत्र का संचालन सही तरीके से हो सके लेकिन ठेका श्रमिक लगातार अपनी मांगों पर अडिग थे और आंदोलन समाप्त नहीं कर रहे थे। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम भी प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और ठेका श्रमिकों को समझाइश देने का भी प्रयास किया था ताकि उनकी हड़ताल को समाप्त कराई जा सके लेकिन हड़ताल पर डटे ठेका श्रमिक लगातार अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे और हड़ताल पर डटे हुए थे। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि रात लगभग 9 बजे पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में पहुंचे और ठेका श्रमिकों को समझाइश दे रहे थे कि इसी बीच बात बिगड़ गई। जिसके बाद पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों ने हड़ताल पर डटे ठेका श्रमिकों पर लाठी बरसाना शुरू कर दिया। जिसके बाद ठेका श्रमिक वहां से भाग निकले। बताया जाता है कि धरनास्थल पर लगाया गया टेंट तंबू भी उखाड़ दिया गया है।

# सतरेंगा में मछली उत्पादन का काम दिया गया ठेका कंपनी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



### गेज से होने लगा उत्पादन

मछली पालन से जुड़े मछुआ सहकारी समिति के सदस्य अपने पुराने परंपरागत तरीके से मछली पालन करते आ रहे थे जिसमें उन्हें मत्स्य विभाग के द्वारा प्रशिक्षण के साथ साथ जाल और नाव प्रदान की जाती थी लेकिन उत्पादन बढ़ाने के लिए विभाग के द्वारा गेज प्रक्रिया की शुरुआत सभी बड़े जलाशयों में शुरु कर दी। यह आधुनिक प्रक्रिया है और यही से उत्पादन ठेका कंपनियों को दिया जाने लगा और इनके अपने ही कर्मचारियों के द्वारा मछली पालन का कार्य किया जाता है।

मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन के लिए जिले के मछुआ सहकारी समितियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाता है किंतु बीते 5 माह पूर्व सतरेंगा में किए जाने वाला मछली उत्पादन का काम एक ठेका कंपनी को सौंपा गया है। सहकारी समिति के सदस्य केवल उत्पादन वाले क्षेत्र में बीज डालने का काम करते हैं। जिन्हें उसकी मजदूरी प्रदान की जाती है किंतु मछली उत्पादन से होने वाली आय ठेका कंपनी के खाते में जाती है।

मछली उत्पादन के लिए जिले में दो बड़े बांध हसदेव बराज व बांगो बांध मौजूद हैं जहां पहले से ही मछली उत्पादन का कार्य ठेके में दिया जाता है। विभाग की यह प्रक्रिया इन दोनों बड़े बांध में शुरु से चलती आ रही है। यहां भी मछुआ सहकारी समिति का गठन किया गया है किंतु इनके सदस्य भी ठेकेदार के अधीन रहकर ही कार्य करते हैं। यही स्थिति अब विभाग के द्वारा सतरेंगा डूबान क्षेत्र में भी शुरु की गई है। बांगो डूबान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सतरेंगा के डूबान प्रभावित ग्रामीणों को मछली पालन के व्यवसाय से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने पूर्व में सहकारिता विभाग के माध्यम से मछुआ सहकारी समिति का गठन कराया था ताकि वह आर्थिक रुप से सक्षम हो सके। सहकारी समिति के द्वारा डूबान क्षेत्र में मछली उत्पादन का कार्य किया जाता रहा है किंतु बीते तीन वर्ष से जबसे सतरेंगा को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया गया है मछली उत्पादन की प्रक्रिया भी बदल गई। बताया जाता है कि विभाग के नए नियम के कारण सहकारी समिति के सदस्य पीछे हट गए। परिणाम स्वरुप विभाग ने इसके लिए भी टेंडर की प्रक्रिया शुरु कर दी और रायगढ़ जिले की एक ठेका कंपनी को इसका काम दिया गया है। यहां भी मछुआ सहकारी समिति के सदस्य बीज डालने और निगरानी का काम करते हैं।

### समिति को रोजगार मिला है

सतरेंगा में मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए ठेका कंपनी को काम सौंपा गया है। बीते कुछ वर्षों में उत्पादन बढ़ा है। मछुआ सहकारी समिति को ठेका कंपनी के द्वारा ही मछली पालन के कार्य में लगाया गया है और उन्हें रोजगार दिया गया है।
-के के बघेल
सहायक संचालक, मत्स्य विभाग

# सांसों में जहर घोल रही बालको और ब्लैक स्मिथ की दोस्ती : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल

### खास बात

- पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पीएम नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र

जिलेवासियों को प्रदूषण व रोजाना उड़ रहे राखड़ के गुब्बार से छुटकारा मिलता नहीं दिख रहा है। राखड़ की वजह से लोगों को सांस संबंधी बीमारी अपनी गिरफ्त में ले रही है। पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको और परिवहन का 2 सौ करोड़ का ठेका लेकर जहां तहां राखड़ फेंक रही कंपनी ब्लैक स्मिथ की दोस्ती को लेकर सवाल उठाया है। श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बालको और ब्लैक स्मिथ कंपनी की मनमानी पर अंकुश लगाते हुए जिले के लोगों की सेहत से खिलवाड़ पर रोक लगाने की मांग की है। पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि बालको के विद्युत संयंत्रों से निस्तारित फ्लाई ऐश के निपटान में बालको प्रबंधन की लापरवाही जगजाहिर है। कंपनी द्वारा निर्धारित मापदण्डों की अवहेलना से क्षेत्र में वायु प्रदूषण चरम पर है। प्रदूषण से पैदा हो रही बीमारी की समस्या से त्रस्त नागरिकों को राहत दिलाने की जरुरत है। राखड़ के 200 करोड़ का परिवहन ठेका में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रतिवर्ष लगभग 55 लाख टन राखड़ का उत्सर्जन हो रहा है, जिसके निपटान की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। विगत एक साल के भीतर दमा से पीड़ितों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है और केवल कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज में ही 5000 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे हैं। पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रधानमंत्री सहित केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कोरबा में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने लिखा है निर्धारित लो-लाईन ऐरिया की जगह, परिवहन भाड़ा बचाने के लिए ट्रांसपोर्ट कम्पनी ने राखड़ सड़क मार्ग से खुले डम्परों के माध्यम से परिवहन कर आस-पास के क्षेत्रों अथवा जंगलों में या फिर सुनसान क्षेत्रों में सड़क किनारे कहीं पर भी डम्प कर दिया।

# कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### खास बात

- साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन स्थिति की जानकारी लेते हुए जिले के चिन्हांकित सभी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्य करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे समुदायों के बसाहटो में पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसी अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीव्हीटीजी बसाहट में किए जा रहे सर्वे में वंचित लोगों का नामवार एंट्री किया जाए, जिससे शिविर के दिन उन्हे उपस्थित कराकर लाभ पहुंचाया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखंड वार ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनसामान्य को केन्द्र शासन की योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री कुमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विवादित, अविवादित नामांतरण सीमांकन, खाता विभाजन, समय सीमा के प्रकरण, कलेक्टर जनचौपाल, मुख्यमंत्री जन चौपाल, सहित अन्य प्रकरणों का समीक्षा किया।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

# निगम आयुक्त ने सफाई कामगार को दी सेवानिवृत्ति



सेवानिवृत्त कर्मी को विदाई देती निगम आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम के प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम कार्यरत सफाई कामगार छबिलाल के सेवानिवृत्त हो जाने के पश्चात उनके दीर्घायु, उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ्य जीवन व्यतीत करने हेतु मंगल कामना की तथा नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, उपायुक्त पवन वर्मा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, मनोरंजन सरकार, अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, प्रकाश चन्द्रा, योगेश राठौर, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, कार्यालय अधीक्षक रामेश्वर सिंह कंवर, अरविंद वानखेडे, उत्तम साहू, हेमंत गभेल, अरूण मिश्रा, प्रदीप सिकदर, गिरवर प्रसाद विश्वकर्मा, सतानंद द्विवेदी, श्यामकली डहरिया, चैनादईया, मनोज श्रीवास, हीरा बहादुर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने निगम परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2024 में सभी अधिकारी कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व को निभाएं।

# ऊर्जा संरक्षण से संयंत्र और समुदाय में ऊर्जा बचत को मिला बढ़ावा : राजेश



पेंटिंग के साथ विजयी प्रतिभागी बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### खास बात

- संयंत्र के साथ उर्जा खपत को बढ़ावा देना बालको की प्राथमिकता

बालको ने संयंत्र और समुदाय में एक स्थायी भविष्य के अपने संकल्प को मजबूत करने के लिए 15 दिवसीय ऊर्जा संरक्षण अभियान चलाया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर को शुरू किए गए अभियान के अंतर्गत संयंत्र, समुदाय और स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसका उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण और स्थायी भविष्य की भावना को बढ़ावा देना था। अभियान में लगभग एक हजार लोगों ने हिस्सा लिया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम बालको में पर्यावरणीय भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने मिशन की आधारशिला के रूप में ऊर्जा-कुशल संस्कृति को लागू करने के लिए समर्पित हैं। हमारे विभिन्न पहल के माध्यम से संयंत्र के साथ समुदाय में जिम्मेदार ऊर्जा खपत को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिज्ञा का प्रतीक है। केंद्र सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो में प्रमाणित ऊर्जा लेखा-परीक्षक प्रोफेसर रामास्वामी महिन्दरन ने ऊर्जा संरक्षण पर आयोजित विशेष सत्र में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एनर्जी इफीसिएंसी और अनुकूलन के लिए औद्योगिक सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डाला। कंपनी ने एक कारपूलिंग अभियान भी शुरू किया, जिससे कर्मचारियों को सवारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना और पर्यावरण अनुकूल आवागमन संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। कर्मचारियों को एनर्जी इफीसिएंसी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्थायी व्यावसायिक समाधान का प्रयास किया जा रहा है। एल्यूमीनियम बनाने की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप बालको को अपने स्थायी प्रयासों के लिए उद्योग जगत से मान्यता मिली है। फ्रॉस्ट एंड सुलिवन द्वारा सस्टेनेबल फैक्ट्री ऑफ द ईयर और सीआईआई ग्रीन कंपनी रेटिंग सिस्टम में ग्रीनको सिल्वर पुरस्कार हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के कटिबद्धता को उजागर करते हैं।

# उत्पाती बंदर का किया सफल रेस्क्यू



**ढेलवाडीह।** पिछले तीन-चार दिनों से ढेलवडीह में आतंक मचा कर रखे बंदर को फॉरेस्ट एवं रेस्क्यू टीम आरसी आर एस अविनाश यादव द्वारा रेस्क्यू कर पकड़ने में कामयाबी प्राप्त किया। जिसमें ग्राम पंचायत ढेलवडीह के ग्रामीण एवं अन्य लोग का सहयोग रहा जिसमें ग्राम पंचायत उप सरपंच प्रकाश सिंह एवं पत्रकार रामचरण साहू दिल हरण यादव धर्म सिंह राजेश सिंह सेंटी गर्ग अन्य ग्रामीण जनों का विशेष सहयोग रहा इससे अब जो लोगों में भय था वह आज से खत्म।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

